प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

सीतापुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'राष्ट्रीय एकता दिवस', समस्त थानों में रन फॉर यूनिटि (एकता दौड़) का आयोजन

दिनांक -31.10.26

स्वतन्त्र भारत के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ मनाते हुए पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में-

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ (मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।) दिलायी गई। इस दौरान सभी ने भारत के लौह पुरुष के रूप में सादर स्मरण किए जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल जी के असाधारण जीवन, दृढ़ संकल्प तथा राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में उनके ऐतिहासिक योगदान को नमन किया गया व उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उनकी दूरदृष्टि और आदर्श आज भी हमें राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने तथा उनके विचारों को अपने आचरण और प्रयासों में आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं।

साथ ही जनपद के समस्त थानों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ एवम् राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक प्रसारित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों एवं उपयुक्त स्थानों पर 'रन फॉर यूनिटी' (मार्च पास्ट/एकता दौड़) का भव्य आयोजन किया गया। इसमें पुलिस बल के जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और देश की आंतरिक सुरक्षा तथा सुदृढ़ एकता का संदेश दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से सरदार पटेल के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के सपने को आत्मसात करने और विविधता में एकता के बंधन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया।




















#RunForUnity
थाना - तालगांव, जनपद - सीतापुर - उत्तर प्रदेश


राष्ट्रीय एकता दिवस
NATIONAL UNITY DAY
RASHTRIYA EKTA DIWAS



